हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

11 चटौद स्वास्थ्य केंद्र ने 91.49 प्रतिशत अंक हासिल कर...



12 गुणवत्ता की कसौटी पर पीएचसी कोर्रा अव्वल, ...



कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

खबर संक्षेप

क्रिकेट प्रीमियर लीग का फाइनल 11 को



धमतरी। धमतरी टैलेंट सर्च क्रिकेट प्रीमियर लीग के तीसरे वर्ष का फाइनल मुकाबला 11 अक्टूबर रविवार को पीजी कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। धमतरी जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता के समापन पर शाम 4 बजे पुरस्कार वितरण समारोह होगा। संघ के सचिव अजय बाबर ने बताया कि समारोह में विजेता, उपविजेता टीम सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निदान शिविर आज से

धमतरी। जिला प्रशासन एवं भगवान महावीर दिव्यांग सेवा समिति जयपुर के सहयोग से दिव्यांगजनों वरिष्ठ नागरिकों के लिए निदान शिविर का आयोजन 10 एवं 11 अक्टूबर को इंडोर स्टेडियम आमातालाब के पास लगेगा। इसमें अस्थिबाधितों के लिए कृत्रिम हाथ-पैर कैलिपर्स, टाइसाइकिल, नेत्रबाधितों के लिए छड़ी, चश्मा श्रवण यंत्र का वितरण तथा मेडिकल प्रमाण-पत्र और यूडीआईडी कार्ड भी बनाया जायेगा। घनश्याम सिंह साहू ने पात्र दिव्यांगजनों से उपस्थिति की अपील की है।

सात माह में माइनिंग और राजस्व विभाग की कार्रवाई

अवैध परिवहन के 350 मामले में 1 करोड़ का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वर्षाकाल समाप्त होने के साथ जिले की सभी वैध रेत खदानों का संचालन शुरु हो जाएगा। वर्तमान में यहां 19 रेत घाट वैध है जिनके ठेकेदार 16 अक्टूबर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इधर 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत घाटों पर प्रतिबंध लगने के बावजूद जमकर अवैध परिवहन हुआ। अप्रैल 2026 से अब तक लगभग 350 अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर 1 करोड़ रूपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया है।

- ठेकेदारों को 16 अक्टूबर का इंतजार, रेत के दाम होंगे कम



जिले में 19 वैध खदानें

धमतरी जिले में ग्राम विकास समितियों की मिलीभगत से दर्जनों अवैध खदानें संचालित होती हैं लेकिन जिले में वैध रुप से 19 खदानें हैं। खनिज विभाग के अनुसार परेवाडीह, दोनर, दर्री, लीलर, बुढ़ेनी, गिरौद 1, गिरौद 2, मंदरौद, चंद्रसूर, परखंदा, गाड़ाडीह, नारी, अरौद, सोनेवारा, बारना, नारधा, मोहरेंगा, दमकाडीह, तेंदूकोन्हा को शासन से रेत घाट संचालन की अनुमति है।

350 वाहनों पर कार्रवाई

सन 2026-27 में अप्रैल माह से लेकर 9 अक्टूबर तक करीब 350 हाइवा एवं ट्रैक्टरों से रेत का अवैध परिवहन करते माइनिंग तथा राजस्व विभाग ने कार्रवाई की है। 31 अगस्त तक 298 प्रकरणों में 85.35 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया है। इसके बाद करीब 50 वाहनों को अवैध प्रकरण में पकड़ा गया है। इसे मिलाकर 1 करोड़ रूपए से ज्यादा का जुर्माना वसूला गया है।

10 साल में माइनिंग का 4 गुणा राजस्व बढ़ा

खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 10 साल में खनिज राजस्व की प्राप्ति तीन से चार गुणा बढ़ा है। सन 2015-16 में खनिज राजस्व का विभागीय लक्ष्य 418 रुपए था। लक्ष्य की प्राप्ति इस वर्ष 379.19 लाख हुई। सन 2016-17 में 511 लाख रुपए लक्ष्य में 475.07 लाख की प्राप्ति, सन 2017-18 में 521 लाख रुपए लक्ष्य, 564.82 लाख रुपए प्राप्ति, सन 2018-19 में लक्ष्य 672 लाख प्राप्ति 671.52 लाख, 2019-2020 में लक्ष्य 736 लाख प्राप्ति 930.71 लाख, सन 2020-2021 में लक्ष्य 1300 लाख प्राप्ति 1346.66 लाख, सन 2021-2022 में लक्ष्य 1411 लाख, 1490 लाख प्राप्ति, सन 2022-2023 में लक्ष्य 1614 लाख प्राप्ति 1324.13 लाख, सन 2023-2024 में लक्ष्य 1600 लाख प्राप्ति 1600.61 लाख, सन 2024-2025 में लक्ष्य 1600 लाख, प्राप्ति 1073.37 लाख, सन 2025-2026 में लक्ष्य 1600 लाख, प्राप्त 1189 लाख रुपए हुआ है। 1600 लाख रुपए सालाना लक्ष्य को प्राप्त करने के बाद राजस्व घटने को लेकर जिला खनिज अधिकारी हेमंत पेरपा का कहना है कि सन 2024-25 में 1600 लाख लक्ष्य की प्राप्ति भारतमाला जैसे विशाल प्रोजेक्ट के माध्यम से हुई है।

रक्षाबंधन पर्व पर आमंत्रण ज्वेलर्स में हुई थी चोरी

चोरी के सोने का चेन सहित आरोपी दंपति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के घड़ी चौक के पास स्थित आमंत्रण ज्वेलर्स में रक्षाबंधन पर्व पर सोने के चेन की चोरी कर फरार शातिर चोर दंपति को कोतवाली पुलिस ने चोरी के जेवर के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार घड़ी चौक व शनि मंदिर के बीच स्थित आमंत्रण ज्वेलर्स में रक्षाबंधन पर्व पर 27 अगस्त की शाम ग्राहकों की काफी भीड़ थी। इसी दौरान एक दंपति ज्वेलरी खरीदने के बहाने दुकान गया। ग्राहकों की भीड़भाड़ का फायदा उठाते हुए दुकान से एक नग जेटस सोने का चेन वजन 17 ग्राम 110 ग्राम कीमत लगभग 2 लाख रूपये की चोरी कर उक्त दंपति फरार हो गया। ज्वेलर्स शॉप संचालक की शिकायत पर सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपियों के



खिलाफ धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई। आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस पार्टी को मुखबिर से आमातालाब रोड में यादव भवन के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा सोने का चेन बेचने के लिए ग्राहक तलाश करने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों संदिग्ध को पकड़ लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर संदिग्धों ने अपना नाम रेखा चौहान एवं पृथ्वीराज चौहान निवासी सोलापुर महाराष्ट्र बताया। पहचान कराए जाने पर ज्वेलर्स ने आरोपियों की शिनाख्ति की। आरोपियों के कब्जे से चोरी सोने का चेन बरामद कर जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी पृथ्वीराज चौहान पिता चुन्नीलाल उम्र 60 वर्ष व उसकी पत्नी रेखा चौहान उम्र 50 वर्ष सोलापुर महाराष्ट्र निवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

युवक के आत्महत्या के मामले में पत्नी सहित ससुरालियों को पांच-पांच साल का सश्रम कारावास

- धर्मान्तरण करने का दबाव डाल करते थे प्रताड़ित
- अपर सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धर्मान्तरण के लिए लगातार दबाव डालने के कारण युवक द्वारा आत्महत्या कर लिए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ने मृतक की पत्नी, सास-ससुर, डेढ़ सास और साली को पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पोटियाडीह निवासी लीनेश कुमार साहू ने बीते 6 सितंबर 2024 की रात्रि 10.30 बजे से 7 दिसंबर की सुबह 7 बजे के बीच अपने घर के ऊपर कमरे में लगे वेन्टिलेशन में फांसी लगा ली थी। मृतक के चाचा खूबचंद साहू की सूचना पर अर्जुनी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान पुलिस को मृतक का मोबाइल मिला जिसमें मृतक ने अपने आत्महत्या का कारण अपनी पत्नी करूणा साहू, सास गौरी साहू, ससुर राजकुमार साहू, डेढ़सास किरण साहू व साली कनिष्का साहू सभी रायपुर निवासी को दूसरा धर्म अपनाने के लिए बार-बार दबाव डालकर परेशान करने से



प्रताड़ित होकर आत्महत्या करना मैसेज लिखकर अपने व्हाटसअप स्टेटस व अपने बहन दामाद गुलशन साहू को भेजा था।

पुलिस ने मोबाइल के व्हाटसअप स्टेटस एवं मैसेज का स्क्रीन शॉट लेकर पंचनामा तैयार किया। पुलिस ने जांच के दौरान मृतक के परिजनों का बयान दर्ज किया जिसमें बताया गया कि लीनेश साहू का विवाह सितंबर 2023 में पोटियाडीह स्थित कबीर आश्रम में रायपुर की करूणा साहू के साथ जयमाला डालकर हुआ था। शादी के लगभग 3-4 माह बाद से मृतक की पत्नी व ससुराल वाले दूसरा धर्म अपनाने लगातार दबाव डाल रहे थे। मना करने पर लड़ाई-झगड़ा करते थे जिससे परेशान होकर युवक द्वारा आत्महत्या करना पाया गया। पुलिस ने धारा 108, 3(5) बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस ने गवाहों व तकनीक साक्ष्यों के आधार पर पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर प्रकरण अपर सत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

आरोपियों पर दोषसिद्ध

अपर सत्र न्यायाधीश अर्चना भास्कर ने दोनों पक्षों को सुनने व पर्याप्त गवाह व साक्ष्य पाये जाने पर आरोपियों पर दोषसिद्ध होना पाया। न्यायाधीश ने आरोपी राजकुमार साहू 54 वर्ष, गौरी साहू 48 वर्ष निवासी चूनाभट्ठी रायपुर, करूणा साहू पति लीनेश 27 वर्ष ग्राम पोटियाडीह थाना अर्जुनी धमतरी, किरण साहू पति योगेश 31 वर्ष फाफाडीह रायपुर व कनिष्का साहू पिता राजकुमार को पांच-पांच वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500-500 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड अदा नहीं करने पर अभियुक्तों को 3-3 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। शासन की ओर से लोक अभियोजक गितेश प्रजापति ने पैरवी की।

आग से जले बुजुर्ग की हुई मौत

धमतरी। आग में जलने से गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार नोहर यादव पिता रामचंद्र 76 वर्ष ग्राम नवागांव कचना निवासी बुधवार की रात्रि घर में सोया था। इसी दौरान लोहे के पलंग में बिछे गद्दे में अचानक आग लग गई। इस घटना में बुजुर्ग 50 प्रतिशत से अधिक झुलस गया था। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान बुजुर्ग की शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



खबर संक्षेप

कैट की पहल पर व्यापारियों को जीएसटी में राहत

धमतरी। देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की पहल पर जीएसटी नियमों में व्यापारियों को राहत देने वाले महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इन बदलावों से देशभर के लाखों व्यापारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। कैट के अनुसार जीएसटी रिटर्न में गलतियां होने पर गिरफ्तारी संबंधी प्रावधानों में राहत दी गई है। वहीं जुर्माने की राशि 25 हजार रुपये से घटाकर 10 हजार रुपये किए जाने तथा जीएसटी रिफंड प्रक्रिया को सरल बनाने के निर्णय से व्यापारियों को सुविधा मिलेगी। इससे व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने के साथ देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इस निर्णय पर कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल, राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, धमतरी जिलाध्यक्ष महेश जसूजा, सलज अग्रवाल, रामू वाधवानी, धनराज लूनिया, अमित रामानी, संतोष तेजवानी, सुरेश महावर, प्रमोद गुप्ता, रवि मुंजवानी, आकाश जसूजा, संकेत बरडिया और शैलेश आहूजा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्तमंत्री सीतारमण के प्रति आभार जताया।

ग्राम पंचायत भृत्यों की बैठक 10 को

सांकरा। नगरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत भृत्यों की बैठक 10 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे महतारी सदन सांकरा पंचायत भवन के बाजू में रखी गई है। यह जानकारी अध्यक्ष रूपेश पटेल, सचिव देवीचरण नेताम, कोषाध्यक्ष घनाराम गौर ने दी है।

सामाजिक कार्यों का बनेगा डिजिटल रिकॉर्ड, स्वयंसेवकों को मिलेगा पॉइंट सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवकों के कार्यों को एक साझा डिजिटल मंच से जोड़ने की दिशा में प्रशासन ने पहल शुरू की है।

जनपद पंचायत कुरूद के सभागार में नवपदस्थ एसडीएम पीयूष तिवारी की मौजूदगी में हुई बैठक में जनप्रयास पोर्टल के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने और स्वयंसेवकों का नेटवर्क तैयार करने पर चर्चा हुई।

बैठक में तय किया गया कि स्वयंसेवक अपनी रुचि के अनुसार पोर्टल पर पंजीयन कर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों से जुड़ सकेंगे।

आगामी कार्यक्रमों की जानकारी, पंजीकरण और आवश्यक सूचनाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर चर्चा हुई। आईटी टीम पर निर्भरता कम करने के लिए स्वचालित पोस्टर निर्माण जैसी सुविधाओं का भी प्रस्ताव रखा गया।

बैठक में भानु चंद्राकर, अनिल चंद्राकर, हितेंद्र केला, राहुल महावर, मालकराम साहू, गोकुलराम साहू, मोहन साहू, रिजवान रिजवी, प्रकाश धीवर, संतोष साहू, जनपद सीईओ अमित सेन, नपा अधिकारी महेंद्र गुप्ता व प्रेस क्लब अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा भी उपस्थित थे।

जनप्रयास पोर्टल से सामाजिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने पर हुई चर्चा

काम के आधार पर होगा मूल्यांकन

स्वयंसेवकों के योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए डिजिटल प्रमाण-पत्र और पहचान-पत्र जारी करने की योजना पर विचार किया गया। उनके कार्यों के आधार पर पॉइंट सिस्टम से मूल्यांकन कर स्तर निर्धारित करने तथा उल्लेखनीय योगदान करने वालों को सम्मानित करने का प्रस्ताव भी रखा गया।



अधिकारियों के तबादले के बाद भी रहेगा रिकॉर्ड

बैठक में सामाजिक गतिविधियों का केंद्रीकृत डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रखने पर विशेष जोर दिया गया। इससे अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद भी पूर्व में किए गए सामाजिक कार्यों की जानकारी उपलब्ध रहेगी।

मगरलोड विकासखंड के ग्राम हरदी में वाटरशेड परियोजना का मामला

पहली बारिश में 45 लाख का स्टॉप डेम बहा

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ब्लॉक मुख्यालय से 17 किलोमीटर दूर ग्राम हरदी में वाटरशेड परियोजना द्वारा नाला में स्टाप डेम का निर्माण कराया गया है। कार्य की लागत लगभग 45 लाख रुपए है। कृषि विभाग द्वारा संचालित यह वाटर शेड परियोजना का निर्माण खेती के लिए किया गया है लेकिन यह निर्माण कार्य अपने गलत इंजीनियरिंग और खराब निर्माण कार्य का जीता जागता मिसाल पेश कर रहा है। परियोजना का निर्माण महानदी से मात्र 50 मीटर ऊपर रेतीले स्थल पर किया गया है। नाले की चौड़ाई से लगभग 5 फीट दूरी पर बंड दीवार का निर्माण किया जा रहा है। स्टॉप डेम निर्माण में लापरवाही बरतते हुए तकनीकी मापदण्ड और मटेरियल गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है ।



मात्र हस्ताक्षर करवाते हैं

सरपंच मनोहर लाल ध्रुव ने बताया कि स्टॉप डेम का निर्माण कार्य कृषि के वाटरशेड परियोजना विभाग द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण के सभी कागजात और सील, पैड विभागीय व्यक्ति रखते हैं। सरपंच से मात्र हस्ताक्षर करवाते हैं। समिति के किसी भी सदस्य को जानकारी नहीं देते हैं। पंच साधुराम साहू ने बताया कि स्टाप डेम निर्माण की जानकारी आज तक पंचायत को नहीं दी गई है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर विभागीय इंजीनियर एवं जिला पंचायत सभापति के प्रतिनिधि को बोला गया था लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि मटेरियल सप्लाई जिला पंचायत के सभापति मीना साहू द्वारा की जा रही है। उनके प्रतिनिधि द्वारा निर्माण कार्य की देखरेख की जा रही है। इस निर्माण से ग्राम हरदी, बेलौदी ,धौराभाठा, भोथा सहित अन्य गांव के किसानों का लगभग 300 से 400 एकड़ खेतों में सिंचाई का साधन उपलब्ध कराना था। ग्रामीणों ने आगे बताया कि निर्माण स्थल पर कोई सूचना बोर्ड भी नहीं लगा है।

वाटरशेड परियोजना के सब इंजीनियर खेमनलाल साहू ने इस संबंध में अपना पल्ला झाड़ते हुए कृषि विभाग के उच्च अधिकारी से बात करने कहा। इस संबंध में कृषि अधिकारी मोनेश साहू से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया जिससे उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

अकुशल वर्कर के भरोसे लाखों का निर्माण कार्य

स्टाप डेम का निर्माण अकुशल श्रमिकों से कार्य कराया जा रहा है। तकनीकी ज्ञान के बिना यह कार्य कराया गया है। इससे शासन का लाखों रुपए पानी में बह गया। इस नुकसान की जिम्मेदारी विभाग लेगा या अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारी। इसकी वसूली किससे की जाएगी।

डेम निर्माण की इंजीनियरिंग पर उठ रहे सवाल

स्टाप डेम निर्माण कार्य में जिस इंजीनियरिंग का तकनीक उपयोग किया गया है, उस पर सवाल उठ रहे हैं। रेतीली मिट्टी में इस प्रकार के निर्माण कार्य एवं सामग्री की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। खराब इंजीनियरिंग का नतीजा है कि लाखों का निर्माण कार्य पहली बारिश में बह गया।

अंचल की खबरें

कांग्रेसियों ने मनाया काला दिवस



अंवरी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा 9 अक्टूबर को गांधी प्रतिमा स्थल पर काला दिवस मनाते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों एवं निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था के प्रति चिंता व्यक्त की गई। मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष होमेन्द्र साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष भरत नाहर, विनोद साहू, ओबीसी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रमोद सिन्हा, जिला महामंत्री राजू साहू ,डोमार साहू, नम्मू साहू, प्रभारी महामंत्री लेखराम यादव, मनोज साहू, पार्षद मेघराज साहू, मंडल अध्यक्ष संतोषी निषाद, राजा बंजारे, हेमनारायण सिंह गौर, रूपचंद साहू, सागर गौर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

शारदीय नवरात्रि की तैयारी में जुटे मेघावासी



मगरलोड। ग्राम मेघा में शारदीय नवरात्रि और दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामवासी एवं व्यापारी संघ द्वारा मेघा बस स्टैंड चौक पर पंडालों को सजाने और मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पंडालों को सुंदर रूप देने के लिए बांस, कपड़े, टाट वाले बोरे और लाइट का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस बार 11 अक्टूबर से शुरू होने वाली शारदीय नवरात्रि की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूजा के भव्य पंडाल सजाए जा रहे हैं। इन पंडालों में नवरात्रि के पहले दिन आदि शक्ति को विराजमान किया जाएगा। इसके लिए मां दुर्गा की प्रतिमाओं को आकार देने तथा सजाने में कारीगर जुटे हैं। लोगों में शारदीय नवरात्रि को लेकर उत्साह दिख रहा है। इस दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 13 अक्टूबर को भूले बिसरे नाचा पार्टी मोंगरापाली जिला महासमुंद, 15 अक्टूबर गुरुवार को मां शारदा नोनी बाबू लोककला नाचा पार्टी शारदापुर ओडिशा, 17 अक्टूबर को श्री प्रज्ञा रामधुनी पार्टी ग्राम गिरौद, 18 अक्टूबर को स्थानीय रिकॉर्डिंग डांस, 19 अक्टूबर को माया के अंजोर रिकॉर्डिंग डांस परिवार सुरेगांव जिला बालोद की प्रस्तुति होगी।

एनीकट टूटने से छूट गया छात्रों का कॉलेज



धमतरी। दरगहन-देवपुर एनीकट से टूटने से छात्र-छात्राओं की मुसीबत बढ़ गई है। वे एनीकट के रास्ते कॉलेज जाते थे। एनीकट के टूटने के बाद उनका कालेज जाना बंद हो गया है। दरगहन सरपंच लक्ष्मी ध्रुव सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए इस समस्या का समाधान करने की मांग की है, ताकि छात्र समय पर कॉलेज पहुंच सकें।

पेंशनरों ने पीएम को भेजा पत्र, 12 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग

- आठवें वेतन आयोग में पुराने पेंशनर्स को शामिल करने और 20 प्रतिशत अंतरिम राहत देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा कुरूद ने प्रधानमंत्री के नाम पत्र भेजकर पेंशनर्स और वरिष्ठ नागरिकों से जुड़ी 12 सूत्रीय मांगों के त्वरित निराकरण की मांग की है। यह मांगें अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर रखी गई हैं।

संघ ने 8वें वेतन आयोग के विचारणीय बिंदुओं में 1 जनवरी 2025 से पहले के पेंशनर्स का पेंशन पुनरीक्षण शामिल करने और आयोग की अनुशंसा तक 20 प्रतिशत अंतरिम राहत देने की मांग की है। महंगाई भत्ते और महंगाई राहत का 50 प्रतिशत मूल वेतन-पेंशन में जोड़ने तथा रूपांतरित पेंशन की वसूली अवधि 10 वर्ष 8 माह निर्धारित करने की मांग भी की गई है।



पेंशनर्स ने एनपीएस-यूपीएस समाप्त कर पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने, पारिवारिक पेंशन में वृद्धि और पेंशन में समानता करने की मांग रखी। कोरोना काल में रोके गए 18 माह के महंगाई भत्ते का भुगतान तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेल और हवाई यात्रा में 50 प्रतिशत छूट पुनः बहाल करने की मांग भी पत्र में शामिल है। संघ ने पेंशनर्स और वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, चिकित्सा भत्ते में वृद्धि, उम्र के साथ पेंशन में अतिरिक्त वृद्धि तथा वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय आयोग गठित करने की मांग की है।

तहसील अध्यक्ष राधेलाल चंद्राकर, सचिव लिखनलाल साहू, कोषाध्यक्ष विश्रामसिंह साहू, वेदनाथ चंद्राकर सहित पदाधिकारियों और सदस्यों ने मांगों पर शीघ्र निर्णय की अपेक्षा जताई।

कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक गंभीर



- नेशनल हाईवे-30 पर बिरेझर के पास हुआ हादसा
- लघुशंका के लिए सड़क किनारे रुके थे दोनों युवक, पीछे से आ रही कार ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर बिरेझर पुलिस चौकी के पास राधा रामनाम पेट्रोल पंप से पहले शुक्रवार की शाम करीब 6:15 बजे सड़क हादसे में स्कूटी सवार सोनू यादव और कमल यादव रायपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, दोनों स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एलबी 9283 से रायपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान वे लघुशंका के लिए सड़क किनारे रुके थे, तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक सीजी 04 क्यूएन 1678 ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही बिरेझर पुलिस चौकी की टीम और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को उपचार के लिए अभनपुर ले जाया गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

गुप्त रोगी संपर्क करें

पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना क्रम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना, आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थाई ईलाज। निराश रोगी संपर्क करें।

संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

157 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, 43 दिव्यांगजनों को मिला प्रमाण-पत्र

- स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वर्चुअली किया 'जोश टीम' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय शृंगी ऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा सिविल अस्पताल नगरी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगतप्रकाश नड्डा ने वर्चुअल माध्यम से नगरी में जोश टीम का शुभारंभ किया। इस दौरान टीबी उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 51 लाभार्थियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। वहीं जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देने वाली 13 मितानिनों को भी सम्मानित किया गया।



शिविर में कुल 157 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 99 महिलाएं और 58 पुरुष शामिल रहे। एनसीडी के तहत 97 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के अंतर्गत 2 गर्भवती महिलाओं, 11 धात्री माताओं एवं 23 बच्चों की जांच की गई। 43 लोगों का हैंडेड एक्स-रे किया गया तथा 43 दिव्यांगजनों को मौके पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए। युवाओं एवं समाजसेवियों ने 9 यूनिट रक्तदान किया। इसके अलावा 5 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा 5 हितग्राहियों की ई-केवाईसी की गई।

कार्यक्रम में सांसद कांकेर भोजराज नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सर्वा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, एसडीएम प्रीति दुर्गम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, मितानिनें एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

संविधान और प्रदेश की रक्षा के लिए अभी से जुटें : भगत

पहली बार कुरुद पहुंचे कांग्रेस प्रभारी का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

बस्तर प्रवास पर निकले छग प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी सुखदेव भगत का बुधवार को पहली बार कुरुद आगमन हुआ। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरुद, भखारा एवं मगरलोड के संयुक्त तत्वावधान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोशीला स्वागत किया। उनके काफिले में पीसीसी चीफ दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम सहित वरिष्ठ नेता शामिल रहे।



जलपान के दौरान सुखदेव भगत ने पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से चर्चा की। उन्होंने देश में कथित वोट चोरी से लेकर प्रदेश की व्यवस्था को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेसजनों से कहा कि संविधान और देश-प्रदेश की रक्षा के लिए सभी को अभी से पूरी सक्रियता के साथ अपने दायित्व में जुटना होगा। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को जनता के बीच सक्रिय रहने का संदेश दिया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, लेखराम साहू, जिपं सदस्य नीलम चंद्राकर, तपन चंद्राकर, प्रभातराव, राजकुमारी दीवान, ब्लॉक अध्यक्ष महिम शुक्ला, होमेंद्र साहू, बसंत साहू, आशीष शर्मा, रामेश्वर साहू, प्रमोद, राजू साहू, डुमेश साहू, देवव्रत साहू, कामराय साहू, जानसिंह यादव, राघवेंद्र सोनी, उत्तम, योगेश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

24 घंटे भर्ती सुविधा
- एनआईसीयु
- आईसीयु
- पीडियाट्रिक वार्ड
- टीकाकरण
- ओपीडी

बच्चों का अस्पताल
सिद्धिविनायक
'आपके बच्चे का स्वास्थ्य हमारे हाथ'
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ (पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़)
अंबेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी मो. 9981321524, 7223011528

ESTD. - 1910
धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल
TO SERVE, NOT TO BE SERVED
- न्यूरोसर्जरी : सटीक देखभाल के लिए -
दिमाग | रीढ़ | तंत्रिका
EXPERTISE | EMPATHY | BETTER OUTCOMES
बस स्टैण्ड के पास
धमतरी (छ.ग.)
94249-42992
उन्नत न्यूरोसर्जिकल देखभाल के लिए जीवन को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध
डॉ.आशना जबीन
MBBS, DrNB (Neurosurgery)
धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल में न्यूरो सर्जन प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरी - 99261-66875, जौगागगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201



खबर संक्षेप

कार से टक्कर के बाद पलटी एंबुलेंस, तीन घायल

फरसगांव। नेशनल हाईवे-30 पर फरसगांव चिचाड़ी पुल के पास शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे कार और एंबुलेंस के बीच टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एंबुलेंस सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जानकारी के अनुसार, एंबुलेंस जगदलपुर से धमतरी की ओर जा रही थी। इसी दौरान चिचाड़ी पुल के पास कार से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में एंबुलेंस में सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि एक व्यक्ति के कमर के पास गंभीर चोट लगने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद घायलों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराते हुए 112 की मदद से उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सभी घायलों का इलाज जारी है।

अधिकारियों ने किया कोसागांव जलाशय का निरीक्षण

फरसगांव। सेवा संकल्प अभियान में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने जलाशय के कैचमेंट क्षेत्र, बांध, सीपेज क्षेत्र और नहरों का तकनीकी निरीक्षण किया। साथ ही जनभागीदारी से जलाशय परिसर में साफ-सफाई एवं संरक्षण कार्य किए गए। कार्यक्रम का आयोजन कार्यपालन अभियंता आरएल धीवर के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पी.एल. सोनवानी के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान कोसागांव सरपंच मोतीराम नेताम, काबोंगा सरपंच शिवराम शोरी, बांध अध्यक्ष बाकुराम नेताम, पुजारी धनाजी मंडावी, फरसगांव के सब इंजीनियर संतोष तमो सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

आयुष विभाग ने 138 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

कोण्डागांव। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 7 अक्टूबर को विकासखंड माकड़ी के ग्राम पंचायत शामपुर में सेवा सेतु अभियान के तहत जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। आयुष विभाग ने शिविर में विशेष स्वास्थ्य स्टॉल लगाया। शिविर में आयुष विभाग की टीम ने कुल 138 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। पात्र मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। इसके साथ ही स्वास्थ्यवर्धक आयुष काढ़े के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 151 लोगों को काढ़ा वितरित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण कराने वालों में 61 महिलाएं, 50 पुरुष, 15 बालक और 12 बालिकाएं शामिल रहे।
आयुष विभाग की टीम ने ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और आयुष चिकित्सा पद्धति के महत्व की जानकारी भी दी।
शिविर में जिला नोडल अधिकारी डॉ. चन्द्रभान वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

महतारी जतन योजना से शांति को मिला आर्थिक संबल

कोण्डागांव। श्रम विभाग के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इन्हीं में शामिल मिनीमाता महतारी जतन योजना महिला श्रमिकों को प्रसूति के समय आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। डोंगरीपारा, शामपुर निवासी शांति नेताम को प्रसूति के उपरांत मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत 20 हजार की एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस राशि से उन्हें प्रसव के बाद अपनी और नवजात शिशु की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिली।

तीसरी बार मिला एनक्यूएएस राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन

चटौद स्वास्थ्य केंद्र ने 91.49 प्रतिशत अंक हासिल कर रचा इतिहास

- गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और टीम भावना की बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चटौद ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के असेसमेंट में 91.49 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरी बार राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन हासिल किया है। लगातार तीसरी बार प्राप्त यह प्रमाणन स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को बेहतर, सुरक्षित, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। इस उपलब्धि से चटौद ही नहीं, बल्कि विकासखंड एवं पूरे धमतरी जिले का गौरव बढ़ा है। स्वास्थ्य केंद्र की इस सफलता में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, जिला एवं राज्य स्तरीय गुणवत्ता टीम, ब्लॉक स्तर के अधिकारियों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों की मेहनत, समर्पण और सामूहिक प्रयास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एनक्यूएएस मूल्यांकन के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों की सुरक्षा, स्वच्छता, दवा एवं जांच सुविधाएं, रिकॉर्ड संधारण, संक्रमण नियंत्रण, प्रबंधन व्यवस्था तथा मरीजों के प्रति स्वास्थ्य कर्मियों के व्यवहार सहित विभिन्न मानकों पर संस्था के कार्यों का मूल्यांकन किया गया। टीम ने सभी मानकों पर निरंतर सुधार करते हुए बेहतर प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित समीक्षा और गुणवत्ता सुधार के लिए आवश्यक प्रयास किए गए। जिला स्तर से तकनीकी मार्गदर्शन एवं मॉनिटरिंग के साथ राज्य स्तरीय एनक्यूएएस टीम द्वारा प्रशिक्षण, प्री-असेसमेंट और आवश्यक सुझाव दिए गए, जिससे स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बेहतर बनाने में सहायता मिली।

पूरी टीम के समर्पण का परिणाम

इस उपलब्धि में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी संजय साहू, क्षेत्र अधिकारी लोमेश कुर्रे, ग्रामीण चिकित्सा सहायक विनीता देवांगन, नर्सिंग ऑफिसर ओमीन साहू, गीतांजलि कुर्रे, द्रौपदी साहू, डॉली एल्मा, महेश्वरी बघेल, नीलिमा शर्मा, फार्मासिस्ट योगिता जोशी, लैब टेक्नीशियन केवल चतुर्वेदी, ड्रेसर विजय गिलहरे, सेक्रेटेरियल असिस्टेंट शीतल मसीह, मोहम्मद रफीक, वार्ड आया लिनेश्वरी साहू एवं गीताबाई साहू सहित सेक्टर मरौद के सभी सीएचओ एवं आरएचओ, चटौद सरपंच खेमचंद साहू का योगदान रहा।

अधिकारियों के मार्गदर्शन में टीम ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमराज देवांगन एवं बीपीएम रोहित पाण्डेय के नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने एनक्यूएएस के विभिन्न मानकों पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया। संस्था के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी संजय साहू सहित पूरी टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता बनाए रखने के साथ-साथ मरीजों की सुविधा और संतुष्टि को प्राथमिकता दी।

प्रमाणन नहीं, बेहतर स्वास्थ्य सेवा लक्ष्य

91.49 प्रतिशत अंक के साथ मिला यह राष्ट्रीय प्रमाणन स्वास्थ्य केंद्र की टीम के लिए गौरव के साथ-साथ भविष्य में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा है। स्वास्थ्य केंद्र का उद्देश्य केवल प्रमाणन प्राप्त करना नहीं, बल्कि प्रत्येक मरीज को सुरक्षित, सम्मानजनक, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है।

गरबा की थाप पर थिरक रहे बच्चों से बुजुर्ग तक, 300 से अधिक प्रतिभागी ले रहे प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शारदीय नवरात्र को लेकर सिंधी समाज में उत्साह बढ़ने लगा है।

- नवरात्र को लेकर सिंधी समाज में उत्साह

सिंधु भवन आमापारा में आ यो जि त सिंध गरबा नाइट की तैयारियों को सिंध शक्ति महिला संगठन की अध्यक्ष पार्वती वाधवानी के नेतृत्व में गति दी जा रही है। समाज के बच्चों, युवतियों, महिलाओं और बुजुर्गों को गरबा की आकर्षक प्रस्तुति के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 5 से 9 अक्टूबर तक शाम 6 से रात 9 बजे तक चल रहे प्रशिक्षण में 300 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

प्रशिक्षण का शुभारंभ समाज के संतों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समाज के ट्रेनर कमल प्रतिभागियों को गरबा के स्टेप, ताल, लय और समूह में एकरूपता का अभ्यास करा रहे हैं। खास बात यह है कि 45 से 70 वर्ष तक की महिलाएं भी पूरे उत्साह से गरबा सीख रही हैं। वहीं 10 से 15 वर्ष के बच्चे भी प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर शामिल हैं।

पार्वती वाधवानी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को सांस्कृतिक गतिविधि से जोड़ना और नई पीढ़ी को परंपराओं से परिचित कराना है। प्रशिक्षण के बाद 12 से 18 अक्टूबर तक सिंध गरबा नाइट का आयोजन किया जाएगा। इसे नए अंदाज और स्वरूप में प्रस्तुत करने की तैयारी है।

आयोजन की तैयारियों में चंदू जसवानी, साक्षी वाधवानी, प्रिया पंजवानी, शारदा चावला, दिशा कमरानी, जया चावला, मुस्कान बाधवानी, संगीता वाधवानी, प्रीति पिंजनी, सिमरन वाधवानी, पलक सुंदरानी, किरण ग्वालानी, सरला डोडवानी, श्वेता नानकानी, अननया, रोमा आहूजा, मोना वाधवानी, रिया सोनेटा, चैता नानकानी, दीपा जसवानी, रोमी सावलानी, सुनील रेवलानी, बंटी वाधवानी, अशोक, राजा वाधवानी, रामचन्द्र वाधवानी, अशोक वाधवानी और अशोक डुमबानी सहित सिंध शक्ति महिला संगठन की सदस्य एवं सिंधी पंचायत के पदाधिकारी भूमिका निभा रहे हैं।

बलियारा, शंकरदाह एवं डोड़की में चला स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम बलियारा, शंकरदाह एवं डोड़की में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। महिलाओं एवं बच्चों से संवाद कर स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रियंका सिन्हा ने कहा कि स्वच्छता केवल हमारे आसपास के वातावरण को साफ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि स्वस्थ और विकसित समाज की आधारशिला है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा को मजबूती मिलती है।

जनपद सदस्य सत्यप्रभा साहू ने कहा कि आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं और बच्चों से सीधे जुड़कर उनकी आवश्यकताओं को समझने तथा शासन की योजनाओं की जानकारी उन तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। स्वच्छता और सेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। मौके पर सरपंच रामबती सिन्हा, उपसरपंच नोमेष सिन्हा, राजीव सिन्हा, अश्वनी सिन्हा, राजकुमार सिन्हा, बबली सिन्हा, गायत्री सिन्हा, शंकरदाह सरपंच रमी गौतम, अशोक साहू हेमन्त साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 198 छात्र-छात्राएं हुए शामिल

अमलीडीह(धमतरी)। गायत्री शक्तिपीठ धमतरी द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा शाउमावि सिलौटी में आयोजित की गई। प्राचार्य एमके ठाकुर के निर्देशन में 218 छात्र- छात्राओं ने परीक्षा के लिए पंजीयन कराया था जिसमें 198 छात्र छात्राएं परीक्षा में उपस्थित रहे। यह जानकारी रासेयो प्रभारी एसके जैन ने दी।

विद्युत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





विद्युत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, सेवाओं और शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए 9 अक्टूबर को विद्युत वितरण केंद्र छाती में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसका आयोजन विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम रायपुर ग्रामीण द्वारा किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में फोरम के अध्यक्ष अशोक खंडेलवाल शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के शहरी एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को विद्युत सेवाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। श्री खंडेलवाल ने बताया कि विद्युत संबंधी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्धारित समय-सीमा तय है। निर्धारित समय में सेवा प्रदान नहीं करने पर नियमानुसार क्षतिपूर्ति दिए जाने का प्रावधान भी है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

कार्यशाला में धमतरी जोन के कार्यपालन अभियंता अनिल प्रसाद सोनी, ग्रामीण एवं अर्जुनी उपसंभाग के सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार भखारा जिला धमतरी छ.ग.
इश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हर्षवीर सिंह गुप्ता आ. महाबीर सिंह गुप्ता अन्य -2 निवासी शिवपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि स्व. श्रीमति मंजुरानी सिंह उर्फ मंजूलिका सिंह पति श्री ध्रुवनीति प्रसाद सिंह ग्राम-सेमरा, प.ह.नं. 28. तहसील-भखारा, जिला-धमतरी स्थित भूमि पुराना खसरा नंबर 236/9, 236/4, 236/5, 236/6 रकबा क्रमशः 1.215, 1.215, 1.215, 1.215 हे. जुमला 4.860 हे. / 12.00 एकड़, नया खसरा नंबर 487 रकबा 5.22 हे., लगान 24/-रू की भूमिस्वामी काश्तकार थी। स्व. श्रीमति मंजूरानी सिंह उर्फे मंजूलिका सिंह पति श्री ध्रुवनीति प्रसाद सिंह द्वारा अपने जीवनकाल में स्वस्थचित्त हालत में स्वेच्छापूर्वक अपने उपरोक्त भूमिस्वामी हक की ग्राम सेमरा, स्थित भूमि पुराना खसरा नंबर 236/9, 236/4, 236/5, 236/6 रकबा क्रमशः 1.215, 1.215, 1.215, 1.215 हे. जुमला 4.860 हे. / 12.00 एकड़, नया खसरा नंबर 487 रकबा 522 हे. के आवेदकगण के पक्ष में वसीयतनामा (इच्छापत्र) उत्तराधिकारी के नामांतरण किया जाना न्यायोचित एवं आवश्यक है। भूमिस्वामी श्रीमति मंजूरानी सिंह उर्फ मंजूलिका सिंह पति श्री ध्रुवनीति प्रसाद सिंह का घर का नाम मंजूलिका सिंह था इसलिए उसके मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 07.08.2025 में श्रीमति मंजूरानी सिंह उर्फ मंजूलिका सिंह पति श्री ध्रुवनीति प्रसाद सिंह का नाम मंजूलिका सिंह पति ध्रुवनीति प्रसाद सिंह लिखा हुआ है। वसीयतनामा के आधार पर ग्राम सेमरा डी स्थित भूमि पर से मृतक भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर आवेदिकागण अपना नाम दर्ज किये जाने आवेदन पत्र वसीयतनामा की प्रति न्यायालय मे पेश किया है।

अतः आवेदिका के आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या हित बद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो पेशी दिनांक 16/10/2026 के पूर्व स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा

आज दिनांक 01/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार
भखारा



अंचल की खबरें

हंचलपुर में आंगन मिलन सेवा चौपाल लगी



कोर्रा(भखारा)। ग्राम पंचायत हंचलपुर में आंगन मिलन सेवा चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती खिलेश्वरी ध्रुव सरपंच एवं खिलेंद्र साहू उपसरपंच तथा पंचगण थानसिंह रघुवंशी, सविता साहू पुष्पा साहू, अजय साहू एवं विशेष अतिथि चंद्रिका साहू, खिलेश्वरी ध्रुव, भुनेश्वरी साहू, उर्वशी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता सिंह, उर्वशी रघुवंशी, सहायिका पूजा मधुकर, जागृति सिन्हा तथा दिनेश सिन्हा थे। इस अवसर पर पंचायत द्वारा 3 से 6 वर्ष के बच्चों को कॉपी, पेन प्रदान किया गया। गीतांजलि सिंह द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया। पोषण संबंधी जानकारी पर्यवेक्षक अखिलेश्वरी राय तथा गीतांजलि सिंह एवं चंद्रिका साहू द्वारा दी गई।

टेल एरिया तक नहीं पहुंच रहा पानी



धमतरी। सिंचाई विभाग द्वारा छोड़े गये पानी का फायदा बड़ी नहर से लगे किसानों को हो रहा है। जबकि इसके विपरित छोटी नालियों में पानी बहुत कम मात्रा में है। अंतिम छोर तक पानी पहुंच पाना अब भी मुश्किल हो रहा है। उमस और गर्मी के चलते खेतों का पानी सूख रहा है। नालियों की साफ- सफाई के प्रति ध्यान नहीं देने की वजह से खेतों तक नाली का पानी पहुंच नहीं पा रहा है। डाही, हंकारा गांव टेल एरिया पड़ता है। यहां के ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग से डाही-हंकारा टेल एरिया में पानी की मात्रा बढ़ाने की मांग की है। मांग करने वालों में महेश पाल, बिशेषर ठाकुर, हिम्मत साहू, शरीफ खान, देवनंदन पटेल, महेंद्र साहू, भोज ध्रुव, गजानंद कारले, युधिष्ठिर सिन्हा, पंचराम साहू, मोहन साहू, परस ठाकुर शामिल हैं।

कुकरेल चौक में गति अवरोधक, बैरिकेड्स की मांग



कुकरेल(धमतरी)। बस स्टैंड कुकरेल के व्यापारिक संघ एवं स्थानीय नागरिकों ने कुकरेल चौक में गति अवरोधक और बैरिकेड्स लगाने की मांग जिला प्रशासन से की है। व्यापारियों का कहना है कि धमतरी रोड और नगरी रोड पर वाहनों की रफ्तार काफी तेज रहती है। गति अवरोधक नहीं होने के कारण कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। व्यवसायी अध्यक्ष नीरज कुमार साहू, उपसरपंच अशोक यादव, नंद कुमार साहू, करण चंद्राकर, हिरेंद्र शर्मा, सेवकराम साहू, रोशन यादव, गिरधारी लाल सिन्हा और कुलदीप सिंह सिन्हा सहित अन्य नागरिकों ने बताया कि कुकरेल चौक में भारी वाहनों की लगातार आवाजाही रहती है। सड़क के दोनों ओर दुकानें संचालित होने से तेज रफ्तार वाहनों के कारण धूल उड़ती है, जिससे व्यापारियों को परेशानी होती है। व्यापारियों ने प्रशासन से धमतरी एवं नगरी मार्ग पर तत्काल गति अवरोधक और बैरिकेड्स लगाने की मांग की है।

सेवा ज्योति यात्रा में शामिल हुए अछोटा के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता



धमतरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वर्ष पूर्ण होने एवं सेवा संकल्प के 25 वर्ष पूर्ण होने (गुजरात के मुख्यमंत्री से भारत के प्रधानमंत्री तक) के अवसर पर आयोजित सेवा ज्योति यात्रा कार्यक्रम में ग्राम अछोटा के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने जनपद सदस्य कैलाश देवांगन एवं सरपंच श्रीमती संतोषी धीवर के नेतृत्व में भाग लिया। कार्यकर्ता बाइक रैली के माध्यम से पुरानी कृषि उपज मंडी पहुंचे। वहां पर प्रधानमंत्री के अभिभाषण को प्रोजेक्टर के माध्यम से सुना। मौके पर धनुष साहू, खिलेश सेन, योगेश्वर देवांगन, राम ध्रुव, वीरेंद्र यादव, महेश ध्रुव, लोमश निषाद, झुमुक उइके, महेश यादव, मोती राम, आशीष साहू, भारती देवांगन, करुणा महार, शान्ति यादव, रमाबाई ढीमर, रेखा ढीमर, चेतना देवांगन समेत अन्य मौजद थे।

एकलव्य खेल मैदान में जलेगा 40 फीट का रावण

धमतरी। विजयादशमी पर्व को लेकर नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। इस वर्ष शहर में 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन एकलव्य खेल मैदान में किया जाएगा। इसके लिए निगम प्रशासन ने पुतला निर्माण का ठेका भी दे दिया है। रावण दहन के साथ आकर्षक आतिशबाजी का आयोजन भी होगा। नगर निगम द्वारा रावण का पुतला तैयार कराने के लिए करीब 3 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि पुतला निर्माण की जिम्मेदारी ठेकेदार को सौंप दी गई है। जल्द ही आयोजन से जुड़ी अन्य तैयारियां भी शुरू होंगी। हर वर्ष रावण दहन देखने शहरवासियों के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इस बार आयोजन स्थल बदलकर एकलव्य खेल मैदान किए जाने से कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्सुकता है।

- 3 लाख रुपये होंगे खर्च, नगर निगम ने तैयारी शुरू की

खबर संक्षेप

चिंवरी में किरण शर्मा का जगराता 11 को



सिर्री। ग्राम पंचायत चिंवरी (सिर्री) में शारदीय नवरात्रि पर प्रथम दिवस 11 अक्टूबर को छग की सुप्रसिद्ध लोकगायिका किरण शर्मा का भव्य जगराता कार्यक्रम आयोजित होगा। छग संस्कृति विभाग की ओर से रात्रि 9 बजे प्रस्तुत होगा। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है। विदित हो कि किरण शर्मा छग की एक प्रसिद्ध लोकगायिका और भजन गायिका हैं। वह मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीतों, जसगीत, देवी भजन, सोहर गीत और भरथरी गीतों के लिए जानी जाती हैं। उनके द्वारा गाए हुए चोला माटी के हे राम, मैं तोला मनाववं दाई, मोर घर मा पहुना आबे, बिरज मा बंसी वाला, सोहर गीत और गौरा गौरी गीत जैसे गीतों के गायन को लेकर काफी प्रसिद्ध हैं। यह जानकारी सरपंच संजीत साहू ने दी।

डाही में आवारा कुत्तों का आतंक

डाही(धमतरी)। ग्राम डाही में आवारा कुत्तों का आतंक है। इससे राहगीरों में भय का माहौल है। ग्राम के बाजार चौक पर दर्जनों की संख्या में आवारा कुत्तों का जमघट लगा रहता है। स्कूली बच्चे, महिलाएं एवं राहगीर सड़क पर चलने में घबराहट महसूस कर रहे हैं।

क्वांर नवरात्रि पर नाचा 11 को

डाही(धमतरी)। क्वांर नवरात्रि पर ग्राम डाही में राधाकृष्ण लोककला नाचा पार्टी ग्राम दुर्रे बंजारी जिला राजनांदगांव का कार्यक्रम 11 अक्टूबर रविवार को महावीर चौक में रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के अध्यक्ष टेकूराम साहू, उपाध्यक्ष नेमूराम सिन्हा, कोषाध्यक्ष डिगेश्वर पटेल, सचिव ओमेश्वर पटेल, सहसचिव खिलेश पटेल, संरक्षक ललित सिन्हा, सलाहकार ढालेश देवागंन जुटे हैं। यह जानकारी रामकुमार पटेल सेवानिवृत्त प्रधानपाठक एवं तामेश्वर सिन्हा ने दी है।

राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन में धमतरी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने हासिल किया सर्वोच्च स्थान

गुणवत्ता की कसौटी पर पीएचसी कोर्रा अव्वल, 96.33 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में बनाई पहचान

पांच संस्थानों से सबसे अधिक अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के मामले में जिले के कोर्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के बाहरी मूल्यांकन में केंद्र ने 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ के पांच प्रमाणित सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में पहला स्थान हासिल किया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र ने 7 अक्टूबर 2026 को जारी पत्र में इसकी जानकारी दी। पत्र के अनुसार कोर्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का बाहरी मूल्यांकन 3 और 4 जुलाई 2026 को किया गया था। निर्धारित गुणवत्ता मानकों के आकलन के बाद केंद्र को गुणवत्ता प्रमाणन प्रदान किया गया।

मूल्यांकन में कोर्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 96.33 प्रतिशत , कोरिया जिले के बंजारीडांड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 94.61 प्रतिशत , खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के मुड़ीपार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 92.48प्रतिशत , बीजापुर जिले के भैरमगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 89.91 प्रतिशत और बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 80.85 प्रतिशत अंक मिले हैं।



शासन और जनता के सहयोग को श्रेय

खंड चिकित्सा अधिकारी हेमराज देवांगन ने इस उपलब्धि को स्वास्थ्य केंद्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने इसका श्रेय छत्तीसगढ़ शासन की ओर से मिल रही सुविधाओं और आम जनता के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कोर्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला प्रमाणन ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अब केंद्र के सामने गुणवत्ता के इस स्तर को बनाए रखने और मरीजों को समय पर उपचार, आवश्यक जांच तथा दवाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी होगी।

गुणवत्ता मानकों पर परखी गईं सेवाएं

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, चिकित्सकीय देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, संसाधनों, मरीजों के अधिकारों और गुणवत्ता प्रबंधन का मूल्यांकन किया जाता है। इसका उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं को बढ़ावा देना है।

शिखर ने छात्रों को दिया सफलता का मंत्र, बोले-दृढ़ संकल्प और मेहनत से हर लक्ष्य संभव



- मेनोनाईट स्कूल के पूर्व छात्र बने ईपीएफओ के क्षेत्रीय आयुक्त, यूपीएससी में हासिल की 37वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व छात्र शिखर शर्मा वर्तमान में भारत सरकार की मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ जोन भोपाल में क्षेत्रीय आयुक्त, ईपीएफओ के पद पर कार्यरत हैं। शिखर शर्मा ने वर्ष 2000 में यहां स्कूली शिक्षा प्राप्त की तत्पश्चात बीई, एल.एलबी एवं पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर्स की डिग्री हासिल की है। शिखर शर्मा ने भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में ईपीएफओ में 12 वर्ष एवं भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय में 4 वर्ष तक अपनी सेवाएं दी। श्री शर्मा ने यूपीएससी 2014 बैच ईपीएफओ आयुक्त, अखिल भारतीय श्रेणी में 37 वां रैंक प्राप्त किया। सार्वजनिक सेवा वितरण में अपने सराहनीय नवाचार के प्रयास हेतु लेबर मिनिस्टरी अवार्ड से सम्मानित हुए। भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल संचालन हेतु केंद्रीय संपर्क अधिकारी के रूप में भारत सरकार द्वारा प्रशंसा पत्र से सम्मानित हुए। शिखर शर्मा ने छात्रों को लगन एवं कड़ी मेहनत से ऊंचे मुकाम को हासिल करने की प्रेरणा दी। कहा कि यदि कोई व्यक्ति दृढ़ विश्वास एवं संकल्प से कोई लक्ष्य निर्धारित करें तो उसे निश्चित सफलता मिलेगी।

18 सूत्रीय मांगों को लेकर निगमकर्मियों ने बोला हल्ला

- रायपुर में हुए एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में निगम के 25 कर्मचारी शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगरीय निकायों के कर्मचारियों ने अपनी लंबित समस्याओं के निराकरण और अधिकारों की मांग को लेकर शुक्रवार को रायपुर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के बैनरतले आयोजित आंदोलन में धमतरी नगर निगम के लगभग 25 कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने रैली निकालकर अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा। हालांकि हड़ताल के दौरान आवश्यक सेवाओं को नियमित रखने का दावा निगम प्रशासन ने किया, जबकि निगम कार्यालय में कामकाज प्रभावित होने की जानकारी भी सामने आई।



कर्मचारियों की 18 सूत्रीय मांगों में नगरीय निकायों में पुरानी पेंशन योजना लागू करना, सीधी भर्ती पर प्रतिबंध, 13 वर्षों से लंबित पदोन्नति संबंधी समस्याओं का निराकरण और अभियंता संवर्ग की पदोन्नति शामिल है। इसके अलावा लेखापाल संवर्ग के वेतनमान में सुधार, प्लेसमेंट कर्मचारियों को दैनिक वेतनभोगी के रूप में रखने, 10 से 15 वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने तथा श्रम सम्मान निधि के रूप में चार हजार रुपये देने की मांग की गई।

कर्मचारियों ने सफाईकर्मी, कैशियर, कंप्यूटर ऑपरेटर, समयपाल, पंप अटेंडेंट और वाहन चालकों के लिए पदोन्नति चैनल निर्धारित करने, प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन भुगतान, छठवें और सातवें वेतनमान के एरियर्स का भुगतान तथा खुली स्थानांतरण नीति लागू करने की भी मांग उठाई।

वहीं निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि लगभग 25 कर्मचारी हड़ताल में शामिल हुए। उनके अनुसार जलापूर्ति, सफाई और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक सेवाएं प्रभावित नहीं हुईं तथा नियमित रूप से जारी रहीं। संघ ने आगे की रणनीति बाद में तय करने की बात कही है।

आगे की रणनीति बाद में होगी तय

धमतरी संघ के जिलाध्यक्ष मंगलूराम निर्मलकर और मोहम्मद शेरखान ने बताया कि मांगों को लेकर कर्मचारी एकजुट होकर आंदोलन में शामिल हुए। प्रदर्शन में तरुण गजेंद्र, नितिन बनवासी, संजय गुप्ता, गिरधर साहू, आलोक तिवारी, हेमंत यादव, प्रमेश पंडरिया, सनद साहू, छबि प्रजापति, होरीलाल साहू, पुरुषोत्तम प्रजापति, इशाक खान और पवन यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

मोदी के 25 वर्ष के नेतृत्व ने विकास और जनकल्याण को नई दिशा दी : प्रीतेश

- जनकल्याणकारी योजनाओं, डिजिटल क्रांति और आत्मनिर्भर भारत को बताया नेतृत्व की उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन प्रमुख के रूप में 25 वर्षों के कार्यकाल पर बधाई देते हुए इसे जनकल्याण, सुशासन और विकास की ऐतिहासिक यात्रा बताया। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ जनता की सेवा की है।

प्रीतेश गांधी ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के



प्रधानमंत्री तक की उनकी यात्रा जनविश्वास और प्रशासनिक दृढ़ता का उदाहरण है। गुजरात में भूकंप, सूखा और आर्थिक चुनौतियों के बीच विकास की नई राह तैयार की गई। वाइब्रेंट गुजरात समिट के माध्यम से निवेश को बढ़ावा मिला और औद्योगिक विकास को नई गति मिली।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को शासन का मूल मंत्र बनाया। जन-धन योजना, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर जल और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है।

श्री गांधी ने आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया, यूपीआई, जीएसटी और मेक इन इंडिया को देश की प्रगति में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और जनभागीदारी से वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प साकार करने में मदद मिलेगी।

गुरुदेव की भक्ति में सराबोर हुई धर्मनगरी, सात जिलों से पहुंचे भक्त

- विजय शांति सुरीश्वर की 83वीं स्वर्गारोहण जयंती पर हुई भक्ति संध्या

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धर्मनगरी धमतरी में गुरुभक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अनूठा नजारा देखने को मिला। योगीराज श्रीश्री 1008 श्री विजय शांति सुरीश्वर गुरुदेव की 83वीं स्वर्गारोहण जयंती पर सिहावा रोड स्थित शांति वाटिका में भक्ति संध्या आयोजित की गई। गुरुवार रात 8 बजे शुरू हुआ भजनों का सिलसिला शुक्रवार तड़के 3 बजे तक चलता रहा। मधुर भजनों और भक्तिमय प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गुरुदेव के प्रति आस्था और समर्पण का भाव लेकर धमतरी के अलावा बालोद, कांकेर, चारामा, महासमुंद, रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव सहित विभिन्न क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। शांति वाटिका में देर रात तक भक्तों की उपस्थिति बनी रही। भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु गुरुदेव का स्मरण करते हुए आध्यात्मिक आनंद में डूबे रहे। आयोजन स्थल गुरुदेव की महिमा और जयकारों से गूंजता रहा।





श्रद्धा और समर्पण का संदेश

आयोजकों के अनुसार गुरुदेव की 83वीं स्वर्गारोहण जयंती पर आयोजित यह भक्ति संध्या उनके प्रति श्रद्धा, आस्था और समर्पण व्यक्त करने का विशेष अवसर रही। शांति वाटिका में की गई व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी ने कार्यक्रम को यादगार बनाया। विभिन्न जिलों से पहुंचे गुरुभक्तों की उपस्थिति ने धार्मिक एकता और सामूहिक आस्था का परिचय दिया। देर रात तक गूंजते भजनों ने श्रद्धालुओं के मन में भक्ति और आध्यात्मिक आनंद की अमिट छाप छोड़ी।

भजनों ने बांधा समां

भक्ति संध्या में गुरुभक्त भावेश बैद एवं सजल बैद, भजन प्रभावक पिंटू स्वामी (सिद्धार्थ डागा) तथा रतन ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। कलाकारों ने गुरुदेव की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। संगीत, सुर और श्रद्धा के संगम ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

युवती को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

- होटल सीजी 05 में हुई पिंकी की मौत का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रुद्री रोड स्थित होटल सीजी 05 के कमरे में हुई पिंकी की मौत के मामले में कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि पिंकी मानिकपुरी उम्र 22 वर्ष निवासी राजमहल चौक समनापुर रोड कवर्धा जिला कबीरधाम निवासी बीते दिनों धमतरी आकर रूद्री रोड स्थित सीजी 05 होटल के कमरा नंबर 106 में रूकी हुई थी। 26 सितंबर की सुबह उसका शव मिला। सूचना पर कोतवाली पुलिस घटनास्थल पहुंची और परिजनों के आने तक कमरे को सील कर दिया था। पुलिस 27 सितंबर को सीजी 05 लाज पहुंची और परिजनों की मौजूदगी में कमरा नंबर 106 का दरवाजा खोल शव को कब्जे में लेकर पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर जांच में लिया था। युवती की मौत को लेकर परिजनों द्वारा जांच की मांग की जा रही थी।



मृतिका को किया प्रताड़ित

पुलिस के अनुसार पिंकी मानिकपुरी को टिकेश्वर साहू उर्फ टिंकू ने प्रेम प्रसंग एवं विवाह का प्रलोभन देकर विश्वास में रखा था। बाद में मृतिका को आरोपी के अन्य लड़कियों से संबंध होने की जानकारी मिलने पर इस संबंध में स्पष्टता प्राप्त करने वह 24 सितंबर को धमतरी आकर स्थानीय होटल सीजी 05 के कमरा नंबर 106 में रूकी हुई थी। 25 सितंबर को टिकेश्वर युवती से मिलने होटल गया था। आरोप है कि विवाह के संबंध में बात करने पर आरोपी ने इंकार करते हुए मृतिका के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट की। उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। पूर्व में भी आरोपी द्वारा पिंकी को इसी तरह प्रताड़ित किए जाने की बात सामने आई है। इससे दुखी होकर मृतिका ने होटल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मर्ग जांच से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर सिटी कोतवाली में धारा 108 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप में टिकेश्वर साहू उर्फ टिंकू पिता रविराम उम्र 22 वर्ष गोकुलपुर वार्ड निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

कल्याणकारी योजनाओं और रियायती दर पर कृषि संसाधन उपलब्ध कराने पर हुई चर्चा



- बीज एवं कृषि विकास निगम के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रहास से हेमराज ने की सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा पिछड़ा मोर्चा के बस्तर संभाग प्रभारी एवं गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी ने बीज एवं कृषि विकास निगम के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर से भेंट की। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित कल्याणकारी योजनाओं तथा कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। किसानों को रियायती दरों पर ट्रैक्टर उपलब्ध कराने तथा बीज और खाद पर मिलने वाली सुविधाओं एवं रियायतों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

चर्चा में किसानों को कृषि कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन सुलभ कराने और उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने जैसे विषय प्रमुख रहे। इस अवसर पर जिले के किसान राधेश्याम पटेल, किशोर साहू एवं जितेंद्र पटेल भी बीज निगम कार्यालय पहुंचे और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर से भेंट की। किसानों से जुड़े विषयों पर हुई इस चर्चा में कृषि क्षेत्र की आवश्यकताओं तथा किसानों को मिलने वाली सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

शारदीय नवरात्रि को लेकर देवी मंदिरों में तैयारियां तेज

- ज्योति कलश पंजीयन शुरू, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शारदीय नवरात्रि के आगमन के साथ शहर के देवी मंदिरों में तैयारियां तेज हो गई हैं। मंदिर परिसरों में साफ-सफाई, रंग-रोगन, विद्युत सजावट सहित श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नवरात्रि के दौरान मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराने के इच्छुक श्रद्धालुओं के लिए पंजीयन भी शुरू हो गया है।

शहर के बिलाई माता, मां अंगारमोती, मां दुर्गा, बस स्टैंड स्थित देवी मंदिर, सोरिद काली मंदिर, रिसाईपारा दंतेश्वरी मंदिर, तुलजा भवानी मंदिर सहित रामसागर पारा शिव चौक स्थित जय जगत जननी रिसाई माता मंदिर में तैयारियां चल रही हैं। मंदिर समितियां दर्शन और पूजा-अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए



फाइल

इंतजाम कर रही हैं। जय जगत जननी रिसाई माता मंदिर में तेल और घृत ज्योति कलश स्थापना के लिए पंजीयन प्रारंभ हो गया है। तेल ज्योति कलश के लिए 1001 रुपये और घृत ज्योति कलश के लिए 1501 रुपये निर्धारित किए गए हैं। मंदिर समिति प्रमुख भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन राशि जमा करने की व्यवस्था की गई है। गूगल पे और फोन पे से राशि जमा करने के बाद पंजीयन क्रमांक और रसीद व्हाट्सऐप के माध्यम से भेजी जाएगी।

मां अंगारमोती मंदिर में नवरात्रि के दौरान 80 से अधिक युवक-युवतियां सेवा व्यवस्था में जुटेंगे। ज्योत स्थान, मंदिर परिसर और महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग बैरिकेड्स में युवाओं की तैनाती रहेगी। गोंड समाज के मुड़ा परिक्षेत्रों से भी सामाजिक जन अलग-अलग दिनों में सेवा देंगे। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और शौचालय की व्यवस्था की जा रही है। गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए भी विशेष सुविधा उपलब्ध रहेगी। जंवारा झांकी नवरात्रि का प्रमुख आकर्षण होगी। प्रतिदिन सुबह-शाम आरती और नवमी पर जंवारा विसर्जन किया जाएगा।

ट्रस्ट अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि श्रद्धालुओं के व्यवस्थित दर्शन और सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। इस वर्ष नवरात्रि पर्व 11 से 19 अक्टूबर तक मनाया जाएगा।



